तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार, 1 दिसंबर 2024

⑪ स्वयं का नवनिर्माण करना ही सच्ची समाज ...


⑫ समस्याओं से संबंधित मिले 351 आवेदन अधिकांश...







## खबर संक्षेप

### दो आपदा प्रकरण में 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरण में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजिम तहसील अंतर्गत ग्राम पेण्ड्रा निवासी 47 वर्षीय पंकूराम निषाद का 22 अक्टूबर 2022 को सांप के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी पानबाई निषाद को 4 लाख रुपय की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह देवभोग तहसील अतर्गत ग्राम दहीगांव निवासी भरत निषाद की तालाब में डुबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी रस्मिता निषाद को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### गौरघाट में मड़ई मेला 7 को, तैयारी जोरों पर

**मैनपुर।** धान कटाई और मिंजाई के साथ ही परम्परा अनुसार मड़ाई मेला का आयोजन प्रारंभ हो जाता है मैनपुर क्षेत्र के प्रथम मड़ाई मेला का आयोजन 7 दिसंबर ग्राम गौरघाट में आयोजित किया गया है जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी किया जा रहा है क्षेत्र के प्रथम मड़ाई गौरघाट में होना है जिसे लेकर लोगो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच खेलन दीवान ने बताया कि 7 दिसम्बर को भव्य मड़ाई मेला का आयोजन ग्राम गौरघाट में किया गया है। इस दौरान मड़ई मेला में शामिल होने क्षेत्रभर के देवी- देवता, ध्वज, डांग, डोली पहुंचेंगे जिसका जोरदार स्वागत कर पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की जायेगी। सरपंच खेलन दीवान ने आगे बताया मड़ाई मेला के दिन रात्रि कालीन कार्यक्रम लो बयार छत्तीसगढ़ी लोक कलामंच आरंभ द्वारा रात्रि 9.30 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन भी किया गया है। समस्त ग्रामवासी गौरघाट द्वारा क्षेत्र के लोगो को मड़ाई मेला में शामिल होने की अपील की है।

### बैंककर्मी की बाइक चोरी

**महासमुंद।** बाइक चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारी व इमलीभाठा निवासी चंदन कुमार कहार ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर को बैंक में ड्यूटी ऑफ होने के बाद करीब 7.30 बजे बाहर आकर देखा तो उसकी बाइक सीजी 06 जीडी 5400 वहां नहीं थी।

**मौसम :** चक्रवाती तूफान फेंजल का असर, खराब मौसम से धान की सुरक्षा को लेकर चिंता

# बदला मौसम का मिजाज, बारिश के आसार, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शनिवार को अचानक मौसम बदल गया। तेज धूप की जगह आकाश पर काले बादल छाए रहे। कहीं-कहीं हल्की बुंदाबांदी हुई। जानकारी के मुताबिक इसे चक्रवाती तूफान फेजल का असर बताया जा रहा है जिसका प्रभाव पूरे प्रदेश सहित समूचे राजिम क्षेत्र में भी पड़ा है। मौसम के बदलाव के चलते पूरा दिन ठंडी हवाएं चलती रही। दिन में भी लोग ठंड का अहसास किए। हर किसी को स्वेटर और शॉल में देखा गया। ग्रामीण अंचल में शनिवार का दिन छुट्टी जैसा रहा। लोग अलाव जलाकर समुह में खड़े रहकर मौसम की चर्चा करते रहे। ईधर किसानो की चिंता बढ़ गई है।



मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार से मंगलवार तक चक्रवाती तूफान फेंजल का असर देखने को मिलेगा। बदली छाई रहेगी। कुछेक स्थानो पर बूंदाबांदी भी होगा। मालूम हो कि राजिम क्षेत्र के कई गांव में शाम होते-होते हल्की बूंदाबांदी होने लगी। कटाई के बाद सुखाएं गए धान को आनन-फानन में बोरे में भरकर भीतर करने के लिए किसान-मजदूर परिवार सहित नजर आए।

### दिन भर आकाश पर छाए रहे काले बादल



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। शुक्रवार को दोपहर के बाद घने बादल छा गया और रात में उमस से लोग परेशान हो गए तो वहीं आज शनिवार सुबह से आसमान में काला बादल छाया हुआ है और सुबह मैनपुर सहित क्षेत्र के कई ग्रामों हल्की बुंदा बादी भी हुई है। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। इन दिनों धान कटाई और मिजाई का कार्य तेज गति से चल रहा है। किसान खेतों में पूरी तरह व्यस्त हो गए है। ऐसे में मौसम ⏭ शेष पेज 11 पर

# समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

ग्राम मरौदा स्थित भूतेश्वरनाथ महादेव प्रांगण में कोसरिया यादव समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। यह भवन 6.50 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने शिरकत की। अध्यक्षता नरेंद्र यादव ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, सरपंच अभिमन्यु ध्रुव और समाज के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। पारंपरिक राउत दोहों के साथ अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। संजय नेताम का संबोधन जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा की समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। पूर्व में सामुदायिक भवन की मांग को ध्यान में रखते हुए इसे स्वीकृति दी गई थी और आज इसका लोकार्पण किया जा रहा है। यह भवन समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। लोकेश्वरी नेताम ने दिया सामूहिक प्रयास पर जोर जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। सरपंच अभिमन्यु ध्रुव ने यादव समाज की प्रशंसा करते हुए ⏭ शेष पेज 11 पर

# कोपरा नपं में तालाबंदी करने पर पूर्व सरपंच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

नगर पंचायत कोपरा में एक बार फिर विवाद गहराता दिखा जब पूर्व सरपंच योगेश्वरी साहू और उनके समर्थकों ने शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में ताला जड़ दिया। यह घटना नगर पंचायत के गठन के एक वर्ष के भीतर दूसरी बार हुई है, जब कार्यालय में ताला लगाने की वजह से सरकारी कामकाज बाधित हुआ। सीएमओ श्यामलाल वर्मा की शिकायत पर थाना पाण्डुका में पूर्व सरपंच योगेश्वरी साहू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम ने बताया कि पूर्व सरपंच के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 126 (2) और 221 के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। नगर पंचायत कोपरा में यह विवाद कोई नई बात नहीं है। पूर्व सरपंच योगेश्वरी साहू और प्रशासन के बीच पिछले पांच वर्षों से टकराव की स्थिति बनी हुई है। शुक्रवार को हुए ताला जड़ने की घटना ने एक बार फिर राजनीतिक तनाव को हवा दी है।



### क्या है मामला?

बताया जा रहा है कि पूर्व सरपंच और उनके समर्थकों ने पंचायत भवन में बैठक बुलाकर कार्यालय के दरवाजे पर ताला जड़ दिया। इसके बाद सीएमओ श्यामलाल वर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि इस तालाबंदी के कारण सरकारी कार्यों में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई। इधर, पूर्व सरपंच और उनके समर्थक कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मिले और तालाबंदी के पीछे अपने पक्ष रखे। पूर्व सरपंच ने आरोप लगाया कि प्रशासन उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रहा है, जिसके कारण यह कदम उठाना पड़ा।

### जांच जारी, स्थिति तनावपूर्ण

घटना के बाद पुलिस और प्रशासन दोनों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अपने स्तर पर ताला जड़ने के पीछे के कारणों की पड़ताल कर रही है, जबकि प्रशासन ने शिकायत में दर्ज आरोपों की जांच तेज कर दी है। पूर्व सरपंच योगेश्वरी साहू के अलावा ताला जड़ने वालों में डोमेश्वर यादव, गोवर्धन साहू, भुवन पटेल, सुशीला साहू, यामिनी साहू, रोशनी साहू, केंवरा साहू और भाना यादव के नाम शामिल हैं। घटना के बाद नगर पंचायत कोपरा ⏭ शेष पेज 11 पर




पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए जागरूकता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपा शाह और जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की शुरुआत ग्राम संढ़ौली के शासकीय हाई स्कूल में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर रैली निकालकर की गई। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल ग्राम दर्रीपारा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या स्कूल ब्लॉक छुरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का आयोजन महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब), जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्डलाइन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 इसके अलावा, महिला और बच्चों से संबंधित कानून जैसे बाल विवाह, बाल श्रम, घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, पॉक्सो एक्ट, और गुड टच-बैड टच की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, प्राचार्य, एलपीओ शरदचंद्र निषाद, जिला मिशन समन्वयक मनीषा वर्मा, समन्वयक तुलेश्वर साहू, जेंडर विशेषज्ञ अंजली नाविक, पदमनी दीवान, वित्तीय ⏭ शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप



### आयुष्मान कार्ड बनाने ऑनलाइन प्रशिक्षण

**रायपुर।** आयुष्मान भारत योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिल सके तथा आसानी से आयुष्मान कार्ड बनकर मिले सके। इसके लिए शुक्रवार को राजधानी रायपुर में निगम उपायुक्त राजेश्वरी पटेल ने नगर निगम सिटी मिशन इकाई के मिशन प्रबंधकों, लोकसेवा केंद्रों के संचालकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। निगम मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड योजना अधिकारी अमित पटेल, निगम के प्रोग्रामर आर.एस. एक्का सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बीमार गाय को मिला तत्काल उपचार



**रायपुर।** राजधानी के सुंदर नगर में एक गाय के बीमार होने की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पशु विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर गाय का इलाज किए। इसकी शिकायत सुंदर नगर निवासी संदीप शर्मा ने कलेक्टोरेट जन समस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन के माध्यम से की थी। इसके बाद कलेक्टोरेट से संबंधित विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल गाय का उपचार करवाया।

### केंद्रीय राज्यमंत्री से सीएम साय ने की मुलाकात



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शुक्रवार शाम अपने निवास पर, छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्यमंत्री वी. सोमन्ना ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री सोमन्ना का स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह व शॉल भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना से राज्य में रेल परियोजनाओं के विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिवद्वय पी. दयानंद और डॉ. बसवराजु एस., डीआरएम रायपुर संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्यपाल डेका ने किया किताब का विमोचन

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार को राजभवन में केंद्रीय विद्यालय सरायपाली की प्राचार्य डॉ. सीमा प्रधान द्वारा लिखित 'एक छात्र का मुकदमा' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच के संबंधों पर आधारित है। ऐसे विद्यार्थियों को जगाने के लिए है जो डिग्री प्राप्त करने के लिए अनुचित तरीकों का प्रयोग करते हैं। इसमें अभिभावकों के लिए भी संदेश है।

### धान का अवैध परिवहन 80 क्विंटल जब्त

**रायपुर।** उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होने के बाद अब धान का अवैध परिवहन भी होने लगा है। अभनपुर मंडी क्षेत्र में शुक्रवार को विद्या मंदिर परसदा के पास से एक वाहन को पकड़ा गया और उसकी जांच की गई, तो उसमें 80 क्विंटल धान बरामद किया हुआ। गाड़ी में सरना चावल से भरे 2 सौ कट्टे मिले हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान को अवैध रूप से परिवहन कर ले जाया जा रहा था। इस मामले में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिन भी वाहनों से अवैध धान परिवहन किया जा रहा है, तो उन वाहनों के धान को जब्त किया जा रहा है। इससे पूर्व भी जिले में कुछ जगहों पर अवैध धान परिवहन करती गाड़ियां पकड़ी गई हैं।

# अब पाइपलाइन से आई गैस से चलेंगे चूल्हे, एक लाख घरों को मिलेंगे सीएनजी कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

- प्राकृतिक गैस की पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति
- शहर में वाहनों की ईंधन आपूर्ति होगी सीएनजी स्टेशन से



रायपुर के निवासियों के लिए अब एक नई और महत्वपूर्ण सुविधा शुरू होने जा रही है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के दिशा निर्देश अनुरूप नगर पालिक निगम रायपुर की पहल पर भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड एवं रायपुर शहर के लिए अधिकृत हरियाणा गैस एजेंसी के माध्यम से रायपुर शहरवासियों को अगले वर्ष 2025 के दौरान प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति होगी। यह सुविधा घरों में कनेक्शन के माध्यम से वाहनों में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से, औद्योगिक क्षेत्रों में शीघ्र दिये जाने की तैयारी तेजी से जारी है। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में ये सुविधा दी जा रही है। बताया गया है कि रायपुर निगम आयुक्त को गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने जानकारी दी कि मुंबई नागपुर झारसुगुडा प्राकृतिक गैस पाईप लाईन से रायपुर शहर क्षेत्र में घरों के लिए प्राकृतिक गैस आपूर्ति एवं शहर क्षेत्र में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से वाहनों में प्राकृतिक ईंधन आपूर्ति की अभिनव योजना पर कार्य निरंतर प्रगति पर है। वर्ष 2025 के दौरान रायपुर शहर में प्राकृतिक गैस पाईप लाईन आपूर्ति से संबंधित योजना का व्यवहारिक क्रियान्वयन शासन के निर्देशानुसार करने की योजना है। इस योजना के राजधानी शहर रायपुर में क्रियान्वयन से शहर में प्रदूषण नियंत्रण का कार्य और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा एवं वायु गुणवत्ता में इससे शहर में सुधार क्रियान्वयन के माध्यम हो सकेगा। इसके माध्यम से राजधानी शहर में पर्यावरण संरक्षण का कार्य प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा।

### औद्योगिक क्षेत्रों में भी परियोजना का काम जारी

जानकारी दी गई कि वर्ष 2025 के दौरान भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से बिछाई जा रही मुख्य प्राकृतिक गैस पाईप लाईन से वितरक लाईन रायपुर शहर क्षेत्र में इस हेतु अधिकृत हरियाणा गैस एजेंसी के माध्यम से बिछाकर लगभग 1 लाख घरों में सीएनजी गैस आपूर्ति हेतु पाईप लाईन बिछाकर कनेक्शन देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस हेतु प्राकृतिक गैस आपूर्ति पाईप लाईन बिछाकर घरों में की जायेगी एवं शहर में वाहनों में प्राकृतिक ईंधन आपूर्ति हेतु सीएनजी स्टेशन खोले जायेंगे। औद्योगिक क्षेत्रों में भी प्राकृतिक गैस आपूर्ति करने का कार्य वर्ष 2025 के दौरान किये जाने की योजना पर कार्य प्रगति पर है। रायपुर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को शासन की लोककल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये है।

## धान खरीदी पर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

# बैज ने कहा- सरकार धान न खरीदने का षड्यंत्र कर रही

# किरण देव बोले- लगातार झूठ बोल रही कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए
- धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है, किसान घंटों खड़े इंतजार करते रहते हैं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार धान न खरीदने का षड्यंत्र कर रही है। सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है, इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। इस बयान पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने पलटवार करते हुए कहा, धान खरीदी के मामले में कांग्रेस लगातार झूठ बोलने का काम कर रही है।

राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बैज ने कहा, सरकार ने यह घोषणा की है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आएगा, लेकिन जिन लोगों ने 14 नवंबर को धान बेचा था, उनके खाते में पैसा अब तक नहीं आया है। श्री बैज ने कहा, अनावरी रिपोर्ट गलत बनाई जा रही है, जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा है। सोसायटी में बारदानों की कमी है, किसान परेशान हैं। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नए और 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाए। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं हैं, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है, किसान घंटों खड़े इंतजार करते रहते हैं।

### अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडों पर चल रहे कांग्रेसी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने धान खरीदी के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर जमकर निशाना साधा है। श्री देव ने कहा, बैज समेत सभी कांग्रेस नेता धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को गुमराह करने और प्रदेश में येन-केन-प्रकारेण अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडे पर चल रहे हैं। श्री देव ने कहा, सत्ता के लिए बौखलाती कांग्रेस ने पहले महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार झूठ बोला। जब भाजपा सरकार ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के झूठ की धज्जियां उड़ाईं तो अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर नया टूलकिटिया एजेंडा चलाया। जब कांग्रेस के लोग ही अमूमन हर बड़े अपराध में संलिप्त पाए जाकर बेनकाब होने लगे। कानून के शिकंजे में जब खुद कांग्रेसी या उनके करीबी आने लगे, तब अपने ही बुने षड्यंत्रों के जाल में फंसकर कांग्रेस छटपटाने लगी। महतारी वंदन और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद भी कांग्रेस अपनी साजिशाना राजनीति से बाज नहीं आ रही है और अब वह धान खरीदी के मुद्दे पर फिर झूठ की राजनीति करने पर आमादा है। श्री देव ने कहा कि धान खरीदी को लेकर किसी भी बिंदु पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर उंगली उठाने का नैतिक अधिकार कांग्रेस को नहीं रह गया है। कांग्रेस को कोई भी आक्षेप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

# फ्लोर मैक्स चिटफंड ठगी मामला : महिला आयोग ने जांच के लिए गठित की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



कोरबा क्षेत्र की महिलाओं से फ्लोर मैक्स कंपनी द्वारा ठगी किए जाने के मामले को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने संज्ञान में लिया है। आयोग ने इस मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम भी गठित की है, जिसमें शामिल आयोग की सदस्य सरला कोसरिया व लक्ष्मी वर्मा कैंप लगाकर पीड़ित महिलाओं से आवेदन लेकर उनकी शिकायतें सुनेंगी। कैंप कोरबा मुख्यालय में प्रशासनिक व्यवस्था के बीच लगाया जाएगा। इसके लिए आयोग ने जिला कलेक्टर को भी अवगत कराया है।

महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक एवं अन्य सदस्यों ने शुक्रवार को कोरबा में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस सुनवाई के दौरान आयोग को फ्लोर मैक्स कंपनी द्वारा महिलाओं से की गई ठगी किए जाने की जानकारी मिली। इसके बाद आयोग ने स्वतः मामले को संज्ञान में लेकर इसकी जांच करने के लिए टीम गठित की है।

*पोते से दादी-दादा हर हफ्ते मिल सकेंगे : आयोग में एक अन्य प्रकरण आया था, जिसमें दादी-दादा से उसके पोते को मिलने नहीं दिया जा रहा था। एक महिला ने शिकायत की थी कि उसकी बहू उसके पोते को उससे और उसके पति से मिलने नहीं देती, जबकि महिला के बेटे की मृत्यु हो चुकी है और उसकी जगह उसकी बहू की नौकरी लगी है।*

### मकान पर कब्जा की शिकायत

आयोग में अन्य एक प्रकरण में एक महिला ने शिकायत की है कि उसके मकान में एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। महिला ने बताया कि मकान पर कब्जा करने वाले व्यक्ति से उसके पति ने उधार पैसे लिए थे, जिसे किस्तों में वापस भी लौटा दिए है। इस बात की गवाही सुनवाई के दौरान महिला के पक्ष में गवाह द्वारा भी दी गई। आयोग ने कहा कि दोनों पक्षों के मध्य न्यायालय में कानूनी प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। ऐसी दशा में अंतिम निराकरण किये जाने के पूर्व एसपी और दिपका थाना से इस प्रकरण का पुलिस प्रतिवेदन मंगाया जाना आवश्यक है, क्योंकि इस प्रकरण में थाना पुलिस पर भी आरोप लगाए गए हैं। इसे देखते हुए आयोग इस प्रकरण में पुलिस प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद अंतिम फैसला सुनाएगा।

# पालक अभिभावक संवाद का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई स्कूल डीएव्ही एमएमपीएस देहारगुड़ा में संस्था प्रमुख वेनुका साहू के मार्गदर्शन में कक्षा केजी 1 से कक्षा 12 वीं के लिए अभिभावक शिक्षक संवाद सत्र का आयोजन स्कूल परिसर में किया गया। जिसमें अभिभावको द्वारा अपने बच्चो की समस्याओं, उपस्थिति और प्रगति पर चर्चा करने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। जिसमें मुख्य रूप से छात्रों की उपस्थिति, प्रत्येक विषय की कॉपी अपडेट करना, स्कूल की गतिविधियां आदि विषयों पर चर्चा किया गया। संस्था प्रमुख वेनुका साहू ने कहा कि छात्रों के सर्वोत्तम परिणामों के लिए पहले से ही कुछ रणनीति बनाई है और साथ ही छात्रों के समग्र सुधार के लिए अभिभावकों से कुछ सुझाव और समर्थन भी चाहते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय नागेश , लेखराज साहू, राकेश साहू, परम ज्योति भोई, रमेश यदु, थलेन्द्र कश्यप, धनंजय सिन्हा, उत्तम साहू, संदीप साहू, धनेंद्र साहू, लवकुश साहू, अन्नपूर्णा साहू, ज्योति कश्यप, देविका नेताम, सुरेश श्रीवास, शैलेश्वर कुलदीप, शैलेश यादव, लक्ष्मी बघेल आदि उपस्थित रहे।




# युवा उत्सव में कुसुम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनवापारा-राजिम

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, तीन दिवसीय अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव में प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें रंगोली में बीएड से राजकुमार जगत, बीएससी कुसुम निषाद पोस्टर मेकिंग, नैना निषाद ऑन द स्पॉट पेंटिंग में, कोमल साहू व विकास साहू बीसीए वाद-विवाद तथा परिचर्चा में वैष्णवी साहू ने भाग लिया।

समूह लोक नृत्य में शुभम देवांगन ईसा देवांगन, संतोषी ,मीनाक्षी बघेल, मीनाक्षी चेलक, लोमस साहू, गोविंद, जितेश, दीक्षा रानी, पूरन शामिल थे। इस कार्यक्रम में नृत्य द्वारा गांव की पंरपरा संस्कृति को दर्शाया गया। वन एक्ट प्ले में सोनीका दिवाकर, टीना रानी, देवीशा साहू, तनु साहू, नवीन साहू, गुलशन साहू, दामिनी साहू, अंजू साहू, खुशबू साहू ने डिजिटल स्कैम पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान फर्जी कॉल, नौकरी के झांसे, नकली ईमेल आईडी से वीडियो बनाना, अपलोड करना, ड्रग्स के नाम पर ठगी जैसे विषयो पर जागरूक करने के लिए नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कुसुम निषाद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस छात्रा को शिक्षण समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, भावना-यश अग्रवाल, प्राचार्य शोभा गावरी, उप प्राचार्य मनोज मिश्रा, नयना पहाड़िया, लोमस साहू ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

# छत्तीसगढ़ एक युवा राज्य है : चन्दूलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर



सिरजन लोक कला संस्था फुलझर का वार्षिक उत्सव शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता किशोर साहू थे। पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ एक युवा राज्य है और युवा अवस्था में ही इस राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन करने का अवसर भाजपा शासन में बखुबी मिल रहा है। पुरखो की दी कला को सिरजन छत्तीसगढ़ी लोक कला के माध्यम से अपनी विरासत को सहेजने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ को इस दिशा में अग्रणी राज्य बनाने के राह को हम सब संकल्पित है। आगे कहा कि हम सभी के लिए गौरव का अवसर है। छत्तीसगढ़ी हमारा मुल परम्परा है, जिसमे रीति रिवाज, तीजत्योहार, बोली भाखा और गीत संगीत है। हमारे छत्तीसगढ़ राज्य बना 24 वर्ष हो गया है, जिसकी शुरुआत भाजपा सरकार मुख्यमंत्री रमन सिंह से शुरू हुआ। विधायक रोहित साहू ने कहा की इस दौर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व में यहां सांस्कृतिक रूप से भी एक अलग पहचान बनी है। वर्तमान में भी सांस्कृतिक समृद्धि के लिए चहुंमुखी प्रयास किये जा रहे हैं। क्षेत्र को विकास के पथ पर ले जाने के लिए मिलजुल कर प्रयास करेंगे। आयोजन कर्ता की मांग पर 7 लाख की घोषणा किया गया वही जनसम है राशि की घोषणा किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, भाजपा नेता किशोर साहू ने भी सम्बोधित किया। मंच संचालक हलधर नाथ योगी , जस गीत गायक चैतू राम तारक, सरपंच सूनिति, दीनदयाल साहू, नुतन साहू, सिरजन संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

### सीईओ अजय को दी गई विदाई



**छुईहा बेलर।** जनपद पंचायत फिगेंश्वर सीईओ अजय कुमार पटेल पर जनपद पंचायत के सभाकक्ष में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, संभापति राधे श्याम साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष होमन साह सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू, सरपंच सेंदर टिकेश्वर साहू, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, सरपंच रोबा मंगलू राम साहू द्वारा स्थानांतरण विदाई शनिवार को दी गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू सहित विदाई देने वाले सरपंच ने कहा की अच्छे अधिकारी आज विदा ले रहे हैं। जिनकी कमी महसूस होगी, लेकिन स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से गांव में जाकर समस्याओं का निराकरण करते थे। इसलिए इस ब्लॉक में अच्छा काम हुआ है। वही सीईओ अजय कुमार पटेल ने कहा की यहां पर जिला वरिष्ठ अधिकारियों, स्टाप, जनप्रतिनिधि, पत्रकार का मार्गदर्शन एवं सहयोग मिला। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, सरपंच-सचिव, रोजगार सहायकों का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा यहां का कार्य हमेशा अच्छा रहा है और यहां एक अच्छी कार्यशैली विकसित हुई है। आगे टीम भावना से आप लोग काम करें और अपने ब्लाक का नाम रोशन करें।

## धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

# किसानों के हितों के खिलाफ हैं भाजपा सरकार की नीतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद




जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर राज्य सरकार की धान खरीदी नीति और किसानों के साथ हो रहे कथित अन्याय पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार की नीतियां किसानों के हितों के खिलाफ हैं और इस बार धान खरीदी के लक्ष्य को पूरा करना लगभग असंभव नजर आ रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह युगल पाण्डेय एवं ब्लॉक अध्यक्ष हाफिज खान एवं अन्य प्रवक्ताओं ने बताया कि इस साल 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन शनिवार, रविवार और छुट्टियों को घटाकर मात्र 47 दिन ही उपलब्ध हैं। इसका मतलब है कि प्रति दिन 3.5 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जाना चाहिए, जो मौजूद रफ्तार से असंभव है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि संग्रहण की सीमा सोसाइटियों को एक दिन में केवल 752 क्विंटल (1880 कट्टा) धान खरीदी की अनुमति है, जिससे किसानों को अगले दिन के टोकन लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार ने 72 घंटे में भुगतान का वादा किया था, लेकिन 14 नवंबर को धान बेचने वाले किसानों को अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। जो भुगतान हो रहा है, वह प्रति क्विंटल 2300 रुपये है, जबकि वादा 3100 रुपये प्रति क्विंटल का था।

### टोकन प्रणाली बनी समस्या

*ऑनलाइन टोकन सिस्टम में किसानों को 15 दिन बाद का टोकन मिल रहा है, जिससे वे घंटों कतार में सोसायटियों ने सूचना जारी की है कि बीज उत्पादक किसानों से धान नहीं खरीदा जाएगा। कांग्रेस ने सरकार से धान की खरीदी 3217 रुपये प्रति क्विंटल की दर से करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनावी वादे में 3100 रुपये प्रति क्विंटल का वादा किया था, लेकिन केंद्र द्वारा समर्थन मूल्य में 11 रुपये की वृद्धि के बाद यह दर 3217 रुपये होनी चाहिए।*

# शिविर में 300 लोगों की जांच कर दी दवा



**राजिम।** शनिवार को राजिम के साई मंदिर में आयोजित हड्डी रोग चिकित्सा परामर्श शिविर में बेस्ट आथोर्पेडिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र साहू, डॉ. इंद्रकुमार साहू व नर्सिंग स्टाफ कुमारी नेहा कश्यप, नीलम, भगत, प्रेमलाल साहू, राजेश्वरी साहू, महेंद्र, योगिता साहू, महेंद्र, वेदप्रकाप, मनीष साहू, रूपलाल साहू ने करीब 300 लोगों का परीक्षण कर न केवल सलाह दिया बल्कि जरूरत के मुताबिक निःशुल्क दवाई भी दी गई। शिविर में ग्राम कोमा, कुम्ही, पितईबंद, सेम्हरतरा, पिपरछेड़ी, पथर्रा नवाडीह, चौबेबांधा तथा राजिम के लोग पहुंचे थे। इस शिविर का आयोजन नवदीप जनकल्याण सेवा समिति, नगर विकास मंच ने किया था जिसे सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अशोक मिश्रा सहित हेमकुमार साहू, मोहन साहू, ओंकार शुक्ला, कुलेश्वर साहू, का शानदार योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. सुनील देवांगन के उत्कृष्ट सेवा एवं परामर्श को देखते हुए समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

**खबर संक्षेप**

## ईस्ट जोन विवि स्पर्धा के लिए कराते खिलाड़ियों का हुआ चयन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय में 20 नवंबर को आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में जिला कराते संघ के 3 खिलाड़ी प्रवीण कुमार मलिक (काता), चंचल सिंह-50 किग्रा तथा देव कुमार साहू 84 किग्रा में का चयन विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के लिए हुआ है। ये खिलाड़ी 1 दिसंबर को नार्थ ईस्ट जोन कराते प्रतियोगिता में पं.रविशंकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ी कोच लालू सोनवानी के साथ चंडीगढ़ जाएंगे। सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जिला संघ कराते के पदाधिकारी सचिव आनंद कुमार, संदीप चौधरी, मनीष श्रीवास्तव, भोज राम विश्वकर्मा, विकास दास आदि ने हर्ष जताया है।

## भट्ठा दलाल ने कट्टा दिखा पत्रकार को दी जान से मारने की धमकी

**नर्रा।** कोमाखान थाना क्षेत्र में भट्ठा दलाल द्वारा एक पत्रकार को कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। इसकी शिकायत कोमाखान थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार बागबाहरा क्षेत्र के पत्रकार दिलीप शर्मा द्वारा समाचार डिजिटल मीडिया के प्लेटफार्म पर प्रसारित किया गया था। जिससे नाराज होकर भट्ठा दलाल जगत गुप्ता द्वारा अपने लठैतों के साथ शनिवार को समाचार संकलन में निकले दिलीप शर्मा को घेर कर हथियार दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही परिवारजनों को भी धमकाया गया। जिसकी शिकायत कोमाखान खाने में दर्ज कराई गई है। वहीं पत्रकार संघ ने भट्ठा दलाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

## छग मछुआ महासंघ के प्रदेश सयुक्त सचिव बने नंद

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ रायपुर के प्रदेश कमेटी एवं प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष एमआर निषाद के अनुमोदन से नंद कुमार निषाद को प्रदेश के सयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है, जिससे निषाद समाज महासमुंद व खट्टी परिक्षेत्र के सामाजिकजनों में हर्ष और खुशी की लहर है। सामाजिक पदाधिकारियों ने नंद कुमार निषाद को गुलाल फूलमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान खट्टी परिक्षेत्र के अध्यक्ष भोला राम निषाद, पूर्व अध्यक्ष सीताराम निषाद, उपाध्यक्ष संतोष कुमार निषाद, महासचिव नरेश कुमार निषाद, मदन निषाद, जगदीश निषाद आदि मौजूद रहे। अपनी नियुक्ति पर नंद कुमार निषाद ने सभी सामाजिकजनों का आभार जताते हुए अपनी पद और जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाने की बात कही।

**निधन**

## लोकनाथ साहू



**कोपरा।** ग्राम सहसपुर के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता लोकनाथ साहू का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम गृह ग्राम में किया गया।

**बौद्धिक परिचर्चा : रासेयो की बौद्धिक परिचर्चा में सम्मिलित हुईं ब्रह्माकुमारी बहनें**

# स्वयं का नवनिर्माण करना ही सच्ची समाज सेवा है : अंशू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- बताई प्रकृति व मानव समाज को दिशा देने की विधि

शिक्षा एक ऐसा साधन है,जो व्यक्ति को उसकी पूरी क्षमता का एहसास कराता है और समाज में सार्थक योगदान देने में सक्षम व सुसंस्कृत व्यक्ति के रूप में विकसित करता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र खड़मा से पहुंची ब्रह्माकुमारी अंशु बहन ने ग्राम सारागांव में कचना ध्रुवा कॉलेज छुरा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक परिचर्चा के दौरान कॉलेज छात्र-छात्राओ को उक्त बातें कही। ब्रह्माकुमारी बहन ने आगे कहा कि आज के युवाओं में आत्म-नियंत्रण, भावनात्मक परिपक्वता और नैतिक शक्ति की कमी है। आंतरिक शून्यता का अनुभव करते हुए वे ड्रग्स, शराब, अनैतिकता, हिंसा, और आसामाजिक व्यवहार की ओर आकर्षित होते है।नतीजन, समाज में नैतिकता के मानकों में गिरावट देखी जा रही है। अतः युवा वर्ग को इन विकट परिस्थितियों ऊपर उठना है तो जीवन मे सकारात्मक सोच एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करें। कर्म व कर्तव्य के प्रति जागरूक, कर्मशील एवं कर्तव्य निष्ठ बने।







### *जीवन में नैतिकता एवं आध्यात्मिकता आवश्यक*

*युवा स्वयं सेवकों को कहा कि जीवन में नैतिकता एवं आध्यात्मिकता आवश्यक है। यह जीवन मे सौहार्द मिलनसारिता, उदारता, प्रेम, शांति, खुशी, पवित्रता, दिव्यता आदि अलंकरणों के साथ एक अच्छा इंसान बनाते है। आध्यात्मिक शिक्षा, अज्ञानता, अन्धविश्वास और सामाजिक बुराइयों को दूरकर जीवन में दिव्यता को जागृत कर दिव्य अनुभूति कर सकते है। यह तभी होगा जब हम खुद को जाने की मैं कौन, यही स्वयं का ज्ञान ही मूल्यों की पहचान कराएगा जो जीवन को सुंदर बना देगा। उन्होंने कहा कि स्वयं का नव निर्माण करना ही समाज का नवनिर्माण करना है। यही सच्ची समाज सेवा है। ब्रह्माकुमारी अंशु बहन ने प्रकृति एवं मानव, विश्व समाज के प्रति शुभ - भावना एवं शुभकामनाएं रखते हुए मन की सकाश देकर सेवा करने की विधि ड्रील कराई। वहीं रासेयो स्वयं सेवक कॉलेज छात्र-छात्राओ ने ब्रह्माकुमारी अंशु बहन का तिलक, आरती, पुष्प वर्षा कर स्वागत किए। वहीं ग्राम प्रधान सरपंच ने शॉल श्रीफल एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आरआर कुर्रे ने मोमेंटो एवं महाविद्यालय परिवार की ओर से वरिष्ठ प्राध्यापिका, एन. यादव, शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किए। वहीं ब्रह्माकुमारीज संस्थान से आये राजयोगी बीके गोविन्द एवं बीके हेमलाल प्रधान पाठक का सहायक कार्यक्रम अधिकारी तरुण निर्मलकर ने रासेयो की मोमेंटो भेट काट सम्मानित किये। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी प्राध्यापक विनोद यादव, आरती साहू, रासेयो स्वयं सेवक कॉलेज छात्र-छात्राएं व ग्रामवासी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।*

# उत्तम स्वास्थ्य के लिए बीपी सिक्स का अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में सुरक्षित शनिवार अंतर्गत स्काउटिंग सिखाया गया। दिन की शुरुआत बीपी सिक्स, योग से हुई। अविभाजित मध्यप्रदेश में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, स्थानीय संघ कोषाध्यक्ष रहे वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन, प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर के निर्देशन में नियमित रूप से स्काउटिंग की गतिविधि विद्यालय में कराई जाती है। स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए बीपी सिक्स का अभ्यास कराया गया। उन्होंने कहा कि अभाव में जीवन जीने की कला स्काउटिंग है। बीपी सिक्स सिखाते हुए बताया कि स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पॉवेल द्वारा रचित स्काउटिंग फॉर बॉयज के अध्याय 6 कथानक 17 में स्वस्थ रहने के लिए छः व्यायाम सुझाये हैं जिन्हें यथाशक्ति, श्वास-प्रश्वास की दर से, कम से कम छः बार नियमित अभ्यास करना चाहिए। यह व्यायाम क्रमशः हमारे सिर, छाती, पेट, कमर से ऊपरी एवं निचली हिस्से को लाभ प्रदान करते हैं। छः व्यायाम के पूर्ण पैकेज को ही बीपी सिक्स कहा जाता है। स्काउटर, योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा इंटीग्रेटेड योग, आसन, बंध, प्राणायाम का भी अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर धमतरी जिला से सेवानिवृत हुए शिक्षक अशोक देवांगन ने भी बीपी सिक्स, योग का लाभ लिया। देवांगन ने विद्यालय के अनुशासन, शिक्षा एवं बच्चों के विकास हेतु किया जा रहे विविध गतिविधियों की खूब प्रशंसा किए। योग सत्र में शिक्षक सुशील पांडे, चंद्रभूषण निषाद, तरुण साहू, करुणा वर्मा, छात्राध्यापिका सुनंदा भारद्वाज, नीलम मरकाम, स्टॉफ़ पीली बाई, प्रोतिमा शर्मा, रुखमणी, कविता, बाल संसद के प्रधानमंत्री मोहन ध्रुव, शिक्षा मंत्री आकांक्षा प्रिया ध्रुव सहित सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# बदलते मौसम से माथे पर उभरी चिंता की लकीरें



**रसेला।** क्षेत्र में बदलते मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। उनके माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई है। ज्ञात हो कि शनिवार को सुबह रसेला सहित क्षेत्र में आसमान में बादल और कहीं-कहीं हल्की वर्षा से किसानों की बैचैनी बढ़ गई है। किसानों में मौसम को लेकर चिंता बनी हुई है। जैसे सुबह हल्की वर्षा शुरू हुई तो किसान पहले पालीथीन लेने दूकान पहुंचे और कई किसान थ्रेसर ढूंढने निकले जो किसान अपने धान की बीडा को खलिहान या खेत पर इकट्ठा करके रखे थे। कई कृषक मौसम को देखते हुए हार्वेस्टर से कटाई कर रहे थे। मौसम ज्यादा बिगड़ा तो किसान की बची खुची फ़सल भी बर्बाद हो जाएगी। साल भर की कड़ी मेहनत चंद मिनटों में समाप्त हो जाएगी। शनिवार को पुरे दिन आसमान में काले बादलों ने क्षितिज पर डेरा जमाए रखा है। क्षेत्र में कहीं ज्यादा तो कहीं कम बूंदाबांदी हुई है। गनीमत की बात यह है कि किसान कुदरत के इतने रंगों को देख कर व्याकुल और परेशान है किसानों ने खेतों में लुआई और मिसाई में युद्ध स्तर पर शुरू किया था इतने में कुदरत का कहर फिर से शुरू हुआ। किसान मौसम साफ होने का बेरहमी से इंतजार कर रहे हैं। तो वहीं जिन किसानों के फसल अभी कटी नहीं है वे तो पुरी तरह से खौफ मे है। दीपावली के पहले हुई बारिश से जहां फसलों की भरी नुकसान हुआ था।

बरसात होने से किसान की कटाई रूक गई है। इधर बूंदाबांदी होने से धान खरीदी केन्द्रों के कर्मचारियों के पसीने छूटने लगे। आनन-फानन में खरीदे गए धान में त्रिपाल ढककर रख गया है। यह बारिश किसानों के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। शाम तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए मौसम बदला तो तापमान भी लुढक गया।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ देखी फ़िल्म द साबरमती रिपोर्ट



**गरियाबंद।** राजिम विधायक रोहित साहू ने भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी। यह फिल्म 27 फरवरी 2002 को गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर बनी है।विधायक रोहित साहू ने भाजपा शहर और ग्रामीण के लगभग 150 भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को नया रायपुर के मिराज सिनेमा में द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के नारों से हॉल को गुंजा दिया। विधायक ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह फिल्म इसलिए भी देखी जानी चाहिए क्योंकि अतीत का अध्ययन ही हमें वर्तमान और भविष्य के बारे में बेहतर मार्गदर्शन दे सकता है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म इतिहास के उस भयावह सत्य को उजागर करने का अत्यंत सराहनीय और प्रभावशाली प्रयास है जिसे निहित स्वार्थ के लिए छुपाने का प्रयास किया गया था। यह फिल्म तात्कालिक सिस्टम की उस सच्चाई को उजागर करती है, जो झूठे नरेटिव फैलाकर सत्य को दबाने का निंदित प्रयास करती थी। फिल्म दर्दनाक घटना को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है।

**पेज 9 के शेष...**

### दिन भर आकाश...

की खराबी और बदली से किसानों की चिंता बढ़ गई है। अचानक बारिश हो जाने से किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना है। वहीं क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रो में भी धान की सुरक्षा को लेकर काफी परेशान नजर आ रहे है धान के बोरो को सुबह से खरीदी केन्द्रों में पॉलिथीन से ढकते नजर आए।

**बुखार व टाईफाइड के मरीज बढ़े**-शनिवार को सुबह स्कूल होने के कारण ठंडी हवा के चलते कई स्कूलों में बच्चों अलाव जलाकर आग तापते नजर आए। वहीं नगर व क्षेत्र के अनेक गांव में दिनभर लोग अलाव तापते दिख रहे है साथ ही दिनभर गर्म कपड़ा लदे भी दिखे। मौसम में उतार चढ़ाव के चलते मौसमी बिमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है और लोग इन मौसमी बिमारियों के चपेट मे आने लगे है। अधिकांश लोग खासकर छोटे बच्चे और उम्र दराज लोग सर्दी, खांसी, बुखार के चपेट मे आ रहे है कई लोगों को उल्टी दस्त के साथ बुखार और टाईफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन 100 से ज्यादा मरीज इन बिमारियों के आ रहे है, इन दिनों मच्छर और मक्खियों के पनपने से लोग मौसमी बिमारियो के चपेट मे आ रहे है वही पेट खराब होने की भी शिकायत मिल रही है। इस संबंध मे चर्चा करने पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेन्द्र ध्रुव ने बताया कि इन दिनो मौसम में उतार चढाव के चलते सामान्य बुखार के साथ सर्दी खांसी के मरीज अस्पताल मे ज्यादा पहंच रहे, कहीं कोई परेशानी नहीं है। उन्होने लोगों से अपील की है कि बासी भोजन करने से बचे और पानी उबाल कर पिए।

### समाज को विकास...

कहा की यादव समाज गोवंश का सबसे बड़ा सेवक है। उनकी सेवा और समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है। यादव समाज ने अपनी परंपरा और संस्कृति से हमेशा उदाहरण पेश किया है। इस कार्यक्रम में सुरेखा नागेश, सुरेश मानिकपुरी, गूंजेश कपिल, ईश्वर राम, देवचंद यादव, झड़ी राम यादव, जनकराम यादव, और समाज के कई अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। यादव समाज के हजारों महिला-पुरुष और युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह का आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने का साक्षी बना। यह सामुदायिक भवन समाज के विकास और एकजुटता का प्रतीक बनेगा।

### जांच जारी, स्थिति ...

में माहौल तनावपूर्ण है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता के बावजूद इस विवाद ने पंचायत के कामकाज पर गहरा असर डाला है। पंचायत में लगातार हो रहे विवादों के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत महसूस की जा रही है। यह घटना नगर पंचायत के भीतर बढ़ते राजनीतिक तनाव और प्रशासनिक समस्याओं को उजागर करती है, जिनका समाधान जल्द किया जाना आवश्यक है।

### लिंग आधारित हिंसा...

साक्षरता विशेषज्ञ अर्चना सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल कंवर, कार्यालय सहायक श्वेता शुक्ला, केस वर्कर सुमन तिवारी, आउटरीच वर्कर स्नेहलता शुक्ला और सुपरवाइजर नंदनी साहू शामिल रहे। यह जागरूकता अभियान जिले में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और हिंसा के उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा देने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने की सुविधा देने के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ईश्वर ध्रुव नाम का व्यक्ति बस स्टैंड के पीछे वार्ड नं 07 कर्रापारा बागबाहरा में लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा द्वारा उपलब्ध करा रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी ईश्वर ध्रुव पिता पांडूराम ध्रव (36 साल) वार्ड 07 कर्रापारा बागबाहरा के खिलाफ कार्रवाई की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी तरह तुमगांव पुलिस ने ग्राम पिरदा में होटल में लोगों को बैठाकर अवैध रूप शराब पीने का सामान उपलब्ध कराने के मामले में आरोपी श्याम लाल पटेल पिता कुनु राम पटेल (60 साल) ग्राम पिरदा के खिलाफ कार्रवाई कर धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### सर्वर एवं एप में समस्या से टोकन काटने में आ रही दिक्कत

**महासमुंद।** समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए किसानों को समितियों के चक्कर से बचाने टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप की सुविधा दी गई है। लेकिन, सर्वर डाउन होने और एप में तकनीकी समस्या के कारण जिले के किसानों को टोकन काटने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि किसान टोकन एप में टोकन कटना सुबह 9.30 बजे शुरू होता है। प्रारंभ में एप खुलता ही नहीं और अगर कनेक्ट होता भी है तो कुछ ही क्षणों में खरीदी की सीमा समाप्त होने का संदेश आता है। खरीदी की लिमिट के कारण इस एप से टोकन किसानों के हाथों तक नहीं पहुंच रहा है। अधिकांश टोकन मोबाइल एप से जारी किए जा रहे हैं। शासन द्वारा देरी से धान की खरीदी शुरू करने के कारण टोकन के लिए होड़ मच रही है। जिससे खरीदी केंद्रों की लिमिट जल्दी खत्म हो जा रही है और बचे हुए किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से किसानों को धान की कटाई-मिंजाई छोड़कर समितियों के चक्कर लगाना पड़ रहा है। वहीं अधिकतर ग्रामीण इलाकों के रहने वाले किसान के पास एंड्रायड फोन होने के बाद भी उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की समझ नहीं होने की वजह से टोकन कटवाने के लिए च्वाइस सेंटरों के चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### तालाब में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि तालाब के आसपास जगह पर एक घंटा से साफ-सफाई की गई। रात को शराब की बोतल को मुक्तिधाम एवं तालाबों के पचरी में तोड़फोड़ कर रहे हैं। इससे लोगों को सुबह से नहाने में परेशानी हो रही है। मुकेश चंद्राकर ने पुलिस प्रशासन से रात्रि 11 बजे तक पुलिस पेट्रोलिंग कराने की मांग की है।

### 15 श्रमिक महिलाओं का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** अपराजिता वीं क्लब महासमुंद डिस्ट्रिक्ट 323 जी 3 द्वारा स्वसहायता समूह की 15 श्रमिक महिलाओं को साड़ी एवं श्रृंगार भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयर वीं निरंजना चंद्राकर, लता चंद्राकर, ऐश्वर्या तिवारी, अध्यक्ष ममता जायसवाल, सचिव कामिनी चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नीलम जायसवाल, नैनी साधना सिंह, अन्नु चंद्राकर, निर्मलता चंद्राकर, चंद्रकला चंद्राकर सहित क्लब के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वी नैनी साधना सिंह ने किया।

### राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा में छग बालक-बालिका वर्ग ने लहराया परचम

**महासमुंद।** राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालक वर्ग टीम ने हरियाणा की टीम एवं छत्तीसगढ़ बालिका वर्ग ने दिल्ली की टीम को अपने खेल का जोरदार प्रदर्शन करते हुए विजय का परचम लहराया। जिला स्तरीय हैंडबॉल, राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के सोपानों पर विजय परचम लहराते हुए छत्तीसगढ़ बालक एवं बालिका टीम ने राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भी सफलता प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया।

---

**आयोजन : शिविर में विधायक साहू एवं कलेक्टर अग्रवाल हुए शामिल**

# समस्याओं से संबंधित मिले 351 आवेदन अधिकांश का मौके पर ही किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पोखरा में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण उद्योग, आयुर्वेद सहित अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे।

शिविर में लोगों के समस्याओं से संबंधित 351 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक होकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल हुए। शिविर में विधायक एवं कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया। इस दौरान उत्कृष्ट मितानिनों का सम्मान, मछली जाल वितरण, श्रवण यंत्र, फसल बीज, स्वास्थ्य कार्ड का भी वितरण किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म के तहत सुपोषण किट भी प्रदान किया गया।



### खरीदी केन्द्रों में की जा रही बारदानों की व्यवस्था

*शिविर में विधायक श्री साहू ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए माह में दो बार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से शिविर स्थल सहित आसपास गांवों के लोगों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर तेजी से निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। मीलरों के हड़ताल के कारण कुछ जगह बारदानों में दिक्कत आयी थी, जिसकों जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता में लेते हुए बारदानों की व्यवस्था खरीदी केन्द्रों में की जा रही है। उन्होंने किसानों से धान खरीदी के दौरान परेशान नहीं होने एवं सुचारू खरीदी में सहयोग बनाए रखने की अपील भी की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, एसडीएम विशाल महाराणा, सरपंच, पंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।*

### प्राप्त आवेदनों का तत्परता से किया जायेगा निराकरण

इस दौरान कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीणजनों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज पोखरा में शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र अंतर्गत गांवों में समस्याओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि शासन के मंशानुरूप जिले में प्रत्येक माह 2 बार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के जो लोग जिला मुख्यालय नहीं पहुंच पाते है। उन लोगों के लिए यह शिविर काफी लाभदायक है। शिविर में सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणजनों की मांग, समस्या एवं शिकायतों को सुनकर उनका अधिक से अधिक शिविर स्थल पर ही निराकरण करने का प्रयास करते है।

### पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से किया जायेगा लाभान्वित

गरियाबंद जिले को शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए चयनित किया गया है। जिसका ग्राम पंचायतवार छूटे हुए लोगों का सर्वे कर लिया गया है। जिसमें 37 प्रकार की हितग्राहीमूलक सेवाएं शामिल है। इन सेवाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए पंचायत स्तर पर शिविर भी लगाए जायेंगे। जिसमें पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले के खरीदी केन्द्रों में बारदानों की व्यवस्था तत्परता के साथ की जा रही है। जिससे धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि खरीदी केन्द्रों में सुचारू रूप से धान खरीदी के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

---

## सामुदायिक वन संसाधन समितियों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



उदंती सीतानदी टाईगर के 9 ग्राम सभा को वन अधिकार कानून के तहत अपने पारंपारिक सीमा के जंगल का संरक्षण संवर्धन का अधिकार प्राप्त हुआ है और ग्रामसभा द्वारा सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। इस समिति के द्वारा अपने सीमा के जंगल का मृदा क्षरण को बचाने के लिए ग्रामसभा अमाड़, जुगाड़, उदंती, नागेश, करलाझर 6 के द्वारा खोज एवं जन जागृति समिति मैनपुर के सहायोग से मनरेगा के प्लानिंग किया गया है। ग्रामसभा द्वारा अपने पारंपारिक सीमा के जंगल को वन खंडो में बांट कर निस्तारी क्षेत्र, जलावन क्षेत्र, संरक्षित क्षेत्र घोषित करके नियमों का पालन करके मार्गदर्शन किया गया। साथ ही ग्रामसभा द्वारा अपने जंगल में हरा कम्पोस्ट तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई। अधिकार पत्र मिलने के बाद अपने सीमा के जंगल का घनत्व निकाल कर प्रबंधन की प्रक्रिया माईल स्टोन बनाने पर जोर दिया गया है और इन 9 ग्रामसभा प्रबंधन में हर एक काम को आगे बढ़ाने के लिए ग्रामसभा फेडरेशन का गठन किया गया है प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से मधुसिंह ओटी, प्रेमशील कपिल, दीपक मंडावी, गोपाल नेताम, गणेश यादव, करण सिह नाग, रूपेन्द्र, सुकचंद मरकाम, त्रीपुरा, गंगा सागर, नरहरी सोरी, महेश, रूपसिंह, तारासिंह नाग, खोलबाहरा, राधा बाई फेडरेशन के अध्यक्ष अर्जन नायक, सचिव दीपक मंडावी के साथ प्रशिक्षण के रूप में बेनीपुरी गोस्वामी खोज संस्था से एवं कार्यकर्ता हरिश बरखा आदि उपस्थित थे।

### मितेन्द्र को बनाया गया बूथ अध्यक्ष



**फिंगेश्वर।** भाजपा मंडल फिंगेश्वर के बुथ क्रमांक 70 के बूथ अध्यक्ष का तथा अध्यक्ष सहित 25 पदाधिकारी एवं सदस्यों का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से मितेंद्र साहू उर्फ दादू को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं पर बलवंत यदु को सचिव तथा कोमल निषाद को बीएलए 2 बनाया गया। साथ में 25 लोगों के समिति का गठन किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ने बूथ अध्यक्ष सहित सभी को शुभकामनाएं देते हुए सभी को पार्टी का कार्य निष्ठा एवं लगन से करने की नसीहत दी। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू चुनाव अधिकारी अश्वनी विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व मंत्री किरण सोनी, अरुण ध्रुव, बलवंत यादव, वैभव सोनी जितेंद्र साहू, कोमल निषाद, विवेक दुबे, विजय ध्रुव सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता का उपस्थित थे।

## रासेयो इकाई ने सोनासिली में लगाया सात दिवसीय शिविर

**फिंगेश्वर।** रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम सोनासिली, विकासखंड फिंगेश्वर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका विधिवत उद्घाटन 29 नवंबर को हुआ। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के प्रथम नागरिक एवं सरपंच ग्राम पंचायत सोनासिली बिसंतिन बाई ध्रुव, कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में प्रभारी प्राचार्य श्वेता मिश्रा, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर, विशिष्ट अतिथि के रूप में एसआर ध्रुव प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल सोनासिली, खगेन्द्र ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, डुवन लाल साहू, ओनिता साहू, भागवत साहू, श्यामलाल साहू, ईश्वर साहू, जगबंधु पटेल सहित ग्रामीणजन एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहे।




भारत सरकार,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय से प्राप्त निर्देशानुसार एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के क्षेत्रधिकार में यह विशेष शिविर दिनांक 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय पुरुष स्वामी विवेकानंद के पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवको द्वारा राजकीय गीत एवं रासेयो लक्ष्य गीत का गायन किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.देवादास बंजारे ने सात दिवसीय के रूपरेखा पर चर्चा करते हुए बताया कि मेरा युवा भारत पोर्टल जिसे युवाओं को अनुभवात्मक शिक्षा, स्वयंसेवी अवसर और सीवी बिल्डर जैसे पेशेवर उपकरणों सहित अवसरों का उपयोग करने में सक्षम और सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है जो उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह प्लेटफॉर्म युवाओं को अपने कौशल और ज्ञान को विकसित करने में मदद करता है, और उन्हें समाज में एक सकारात्मक




भूमिका निभाने में सक्षम बनाता है। इसके साथ ही डिजिटल इंडिया अभियान कागजी कार्रवाई को कम करके भारतीय नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक सरकारी सेवाएं प्रदान करना है। शिविर दिनचर्या अनुसार कार्यक्रम सुबह जागरण 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक निर्धारित है। जिसमें मुख्य रूप प्रभात फेरी, व्यायाम, योग, आसन, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, देशी खेलकूद, सामुदायिक ग्राम संपर्क, समीक्षा बैठक एवं सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मिलित है।

## कलार समाज की कलश यात्रा में सेकड़ों महिलाएं हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



जिला स्तरीय कलार वार्षिक कलार सम्मेलन में फिगेंश्वर बेलर, छुईहा ,चरौदा, बेलर सेंदर, बोड़की, सरगोड़, भेण्ड्री, जामगांव, कुण्डेल, गनियारी, सोरिद, बोरिद, लचकेरा, धुरसा,कसेरूडीह की सैकड़ों महिलाओं सहित युवतियां कलश धारण कर शोभायात्रा यात्रा में अपनी समाज की प्रतीक गुलाबी झंडा के साथ शौर्य प्रदर्शन में फिगेंश्वर कलार समाज महिला मंच धनेश्वरी सिन्हा के नेतृत्व सह मुख्य कलश धारिका ललीता सिन्हा, बिदू सिन्हा, लता सिन्हा, कुलेश्वरी सिन्हा, कामनी सिन्हा सहित सैकड़ों महिला शामिल हुई।

अध्यक्ष धनेश्वरी सिन्हा ने कहा की शोभायात्रा यात्रा के माध्यम से समाज में भाईचारा, एकता और सौहार्द का संदेश देना है। कलार समाज का प्रतीक गुलाबी रंग है इस झंडा तले समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं के साथ शौर्य प्रदर्शन गरियाबंद में शुक्रवार को किया गया। हमारा लक्ष्य समाज में शांति, श्रद्धा, और शौर्य का प्रसार करना है। साथ में परिहझलमतक्षेत्र अ ध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, हकोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, प्रांता कोष निरक्षक दुर्गा प्रसाद सिन्हा, जिला कोष निरक्षक दुर्गा राम सिन्हा , नरोत्तम सिन्हा, हूकुम सिन्हा चेतन सिन्हा, परदेशी राम सिन्हा, नेतराम सिन्हा, हेमलता सिन्हा, टिकम सिन्हा, दाऊलाल सिन्हा, कामता प्रसाद, राजेश सिन्हा, रमेश सिन्हा, ईतवारी सिन्हा, भागवत सिन्हा, डंकु, दशरथ, हेमन्त, लाकेश सिन्हा, राम सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा सहित कलार समाज के सैकड़ों महिलाएं शामिल हुए।

## किसानों को मूंगफली बीज वितरण किया गया

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों कृषि विभाग द्वारा किसानों को रबी फसल के लिए ग्रीष्मकालीन धान के बदले कम पानी वाले दलहन-तिलहन, मक्का, गेहूं, चना, मुंगफली फसल को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में उपसंचालक कृषि चंदन कुमार राय के मार्गदर्शन में क्षेत्र के गांवों में रबी फसल के लिए किसानों को बीज वितरण किया जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायत करकरा के किसानों को कृषि सभापति जनपद सदस्य प्रहलाद यदु एवं ग्राम अध्यक्ष भूषण पटेल के द्वारा किसानों को मुंगफली बीज वितरण किया गया।



बीज वितरण कृषि विभाग से रोमनलाल ठाकुर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित किसानों को जानकारी देकर बीज वितरण किया । मौके पर राधुराम पटेल, राजेश पटेल, नरोत्तम पटेल भोजराम, लखनलाल, पुनीत, पुनारद, लालबहादुर यादव, रोहित पटेल, कार्तिक राम निषाद, कुलेश्वर साहू, हेमकुमार, दसोदा बाई, प्यारी निषाद, संतोष निषाद आदि किसान उपस्थित रहे।

---

**असाक्षरों को पढ़ाने वाले 10-12वीं के छात्रों को परीक्षा में मिलेंगे बोनस अंक**

# असाक्षरों का चिन्हांकन कर बुनियादी शिक्षा से जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उल्लास नवभारत साक्षरता प्रशिक्षण आयोजित

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुशंसित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का प्रशिक्षण शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में विकासखंड अंतर्गत समस्त प्राथमिक विद्यालय से एक सर्वेयर शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत




साहू ने कहा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एक राष्ट्रव्यापी योजना है। इस योजना को हम सभी को मिलकर व्यापक स्तर पर काम करते हुए मूर्त रूप में परिणित करते हुए सफल बनानी है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के समूह के असाक्षरों का चिन्हांकन कर उनके नाम असाक्षरों की सूची में चिन्हांकित कर जोड़ा जावे। 10 असाक्षरों को पढ़ाने के लिए एक स्वयंसेवी शिक्षक (वीटी) का चयन कर गांव के सामुदायिक भवन, रंग मंच के साथ स्थानीय स्तर पर सुविधानुसार भवन का चयन कर अध्यापन कराएंगे। ऐसे ही हर 10 असाक्षरों के पीछे एक स्वयं सेवी शिक्षक काम करेंगे।इस पुनीत कार्य के लिए स्थानीय निवासी मोहल्ले में निवासरत शिक्षक, सेवानिवृत्त शिक्षक, 10वी, 12वीं व कालेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सहायता ली जा सकती हैं जो स्वयं से पढ़ाने में इच्छुक हो। इस पुनीत कार्य में भागीदारी के लिए उन्हें सतत रूप से प्रेरित किया जावे। उक्त स्वयं सेवी शिक्षक को उनके कार्य के परिणामस्वरूप उन्हें राज्य, जिला स्तर पर सम्मानपूर्वक प्रशस्ति पत्र तथा दसवीं बारहवीं के छात्र-छात्राओं को बोनस अंक प्रदान किया जावेगा। उक्त प्रशिक्षण में नोडल अधिकारियों के अलावा फिगेश्वर विकासखंड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय से एक-एक शिक्षक की उपस्थिति थी।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।


CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511